सफाई व्यवस्था में देश का तीसरा सबसे साफ शहर बना लखनऊ

राष्ट्रपति ने नगर विकास मंत्री,महापौर और नगर आयुक्त को किया सम्मानित

लखनऊ,आज समाचार सेवा। द्रौपदी मुर्मू ने नगर विकास मंत्री एके गया। इसके साथ ही घर-घर कूड़ा



लखनऊ देश का तीसरा सबसे साफ शहर बन गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की लिस्ट बुधवार को जारी हो गयी । बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लखनऊ नगर निगम को पुरस्कार दे सम्मानित किया। उक्त सम्मान नगर विकास मंत्री एके शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रमुख सचिव पी. गुरुप्रसाद और नगर आयुक्त गौरव कुमार ने लिया। इससे पहले लखनऊ को 2024 और 2025 में भी तीसरा स्थान मिला था। इस बार विशाखापत्तनम पहले और जबलपुर दूसरे स्थान पर हैं। राष्ट्रपति शर्मा और महापौर सुषमा खर्कवाल को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। केंद्र सरकार की ओर से हर साल स्वच्छ सर्वेक्षण कराया जाता है। इसमें देशभर के शहरों की सफाई व्यवस्था और स्वच्छता के कामकाज के आधार पर रैंकिंग तय होती है। 2024 में लखनऊ ने बड़ी छलांग लगाते हुए 44वें स्थान से सीधे तीसरा स्थान हासिल किया था। इस बार भी नगर निगम ने अपनी रैंकिंग बरकरार रखी है। इस सर्वेक्षण में नागरिकों की भागीदारी को भी अहमियत दी गई। शहरों में सफाई की वास्तविक स्थिति जानने के लिए फील्ड सर्वे किया कलेक्शन, गीले-सूखे कचरे का अलगाव, सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति और शिकायतों के निस्तारण को भी जांचा गया। यह सर्वेक्षण का 10वां संस्करण था। इसमें देश के 4,751 से अधिक शहरों को शामिल किया गया। शहरों को 10 मुख्य क्षेत्रों और 43 मानकों पर परखा गया। बीते एक साल में नगर निगम प्रशासन और उनकी टीम ने साफ-सफाई को लेकर कई बड़े कदम उठाए। कूड़ा प्रबंधन से लेकर वार्डों में नियमित सफाई, जनभागीदारी, जागरूकता अभियान और डिजिटल निगरानी से लखनऊ की तस्वीर बदली गई। इसी का नतीजा है कि शहर देश के टॉप-3 साफ शहरों की सूची में शामिल हुआ। नगर निगम के अधिकारियों और पार्षदों का कहना है कि अब लखनऊ को स्वच्छता में देश का नंबर-1 शहर बनाना लक्ष्य है। इसके लिए अगले सर्वेक्षण तक कई और योजनाएं शुरू की जाएंगी। अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव ने बताया की स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में विशाखापत्तनम ने पहला और जबलपुर ने दूसरा स्थान हासिल किया है।

वर्ष 2017 में 269 वें स्थान पर था लखनऊ

स्वस्छता सर्वेक्षण में वर्ष 2017 में राजधानी लखनऊ का नाम 269 वें नम्बर पर था। उसके उपरान्त वर्ष 2018 में 115 वें व वर्ष 2019 में लखनऊ का स्थान 121 वां था। लेकिन उसके उपरान्त वर्ष 2020 में राजधानी लखनऊ ने सफाई व्यवस्था को लेकर कई नियम कानून बनाने से एक लम्बी छलांग लगा कर 12 वें नम्बर पर पहुँच गया। यही नही वर्ष 2021 में भी लखनऊ की स्थिति 12 वें नम्बर पर रही । लेकिन उसके उपरान्त राजधानी लखनऊ ने लापरवाही बरतने के चलते वर्ष 2022 में 17 वें और 2023 में की रैक घिसट कर 44वें स्थान पर पहुँच गयी । लेकिन उसके उपरान्त वर्ष 2024 व वर्ष 2025 में लखनऊ 44 वें स्थान से खिसक कर तीसरे नम्बर पर पहुँच गया।

अब लड़ाई 80 बनाम 20 की नहीं 95 बनाम 5 की है-अखिलेश

भाजपा की हार देखकर मुख्यमंत्री जी की भाषा और व्यवहार बदल गया

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता समाजवादी पार्टी के पक्ष में मन बना चुकी है। अब लड़ाई 80 बनाम 20 की नहीं 95 बनाम 5 की है । इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा का पता नहीं लगेगा। उन्होने कहा कि भाजपा बेईमानी और धांधली से चुनाव जीतती है। एसआईआर में भाजपा बेईमानी करना चाहती थी लेकिन समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और पीडीए प्रहरियों ने अपना वोट बचा लिया। उन्होने वोटर लिस्ट को आधार कार्ड से जोड़ने की मांग करते हुए कहा कि आधार कार्ड मेटल के बनाए जाएं जिससे नकली आधार कार्ड ना बन सके। सभी लोगों का आधार कार्ड और बायोमेट्रिक है, तो वोटर लिस्ट को आधार कार्ड से क्यों नहीं जोड़ा जा रहा है, जब बात डिजिटल इंडिया की हो रही है और दुनिया के बराबर बनने की बातें हो रहीं है तो वोटर लिस्ट को आधार कार्ड से क्यों नहीं जोड़ा जा रहा है। श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री जी कह रहे हैं कि एसआईआर के दौरान एक करोड़ 27 लाख वोट कट गए, अगर इतने वोट कट गए हैं तो समाजवादियों ने एसआईआर के दौरान जो सवाल किए थे मुख्यमंत्री जी उसी के साथ खड़े हो जाएं। समाजवादियों के सवालों का समर्थन करें। उन्होने कहा



कि भाजपा पीडीए से घबराई हुई है। भाजपा की हार देखकर मुख्यमंत्री जी की भाषा और व्यवहार बदल गया है। यह बातें उन्होने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में व्यक्त कीं। उन्होने उत्तर प्रदेश का किसान, युवा, मजदूर, व्यापारी परिवर्तन चाहता है। जनता 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। प्रदेश की जनता तैयार बैठी है, भाजपा का अंत आने वाला है। भाजपा सरकर में अन्याय, अत्याचार, महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। मुख्यमंत्री को एंप्लॉयमेंट रेट और अनएंप्लॉयमेंट रेट की जानकारी नहीं है। उन्होने आरोप लगाते हुये कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड टूट गए। यूपीडा के ठेकों में साढ़े सत्रह हजार करोड़ के टेंडर का आपस में बंदर बांट हो गया। शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था सब बर्बाद हो चुकी है। इस सरकार ने 26000 प्राइमरी स्कूल बंद कर गरीबों के बच्चों को शिक्षा से दूर कर दिया है। शिक्षा विभाग में लाखों नौकरियां कम कर दी हैं। भाजपा सरकार नौजवानों और युवाओं से नौकरियां छीनने का काम कर रही है। सबसे ज्यादा नौकरियां बिजली विभाग में मिलती है लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार में मुख्यमंत्री ने एक भी बिजली घर नहीं लगाया। बिजली घर लगाने की बात छोड़िए मुख्यमंत्री के मुंह से कभी नाम तक नहीं सुना गया। भाजपा सरकार इन्वेस्टमेंट के बड़े-बड़े दावे करती है लेकिन प्रदेश में कहीं भी फैक्ट्री या उद्योग नहीं लगा। लखनऊ में समाजवादी पार्टी की सरकार में बनी मेट्रो रेल जितनी बनी थी उससे 10 सेमी भी आगे नहीं चली। लखनऊ में एचसीएल लाया गयाख वहां पर हजारों की संख्या में युवाओं को नौकरी मिली। श्री यादव ने कहा भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाएं खराब हो चुकी हैं, अस्पतालों को खुद इलाज की जरूरत है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार ने पुलिस व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। पुलिस से आम जनता का भरोसा उठ गया है। उत्तर प्रदेश पुलिस की हालत को देखकर सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने भी टिप्पणियां की है। हाईकोर्ट ने कहा कि यूपी पुलिस भंग कर दी जाए। उत्तर प्रदेश में हाथरस जैसी तमाम घटनाएं हो रही हैं जहां पर परिवार के लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है। पुलिस मनमानी करती है लोगों से जोर जबरदस्ती करती है किसी को न्याय नहीं दे रही है। उन्होने कहा कि दीपोत्सव पर अयोध्या में महिलाओं और बच्चों के साथ भाजपा के लोगों का व्यवहार देखकर दुख हुआ। अपने परिवारों के लिए तेल इकट्ठा कर रहे हैं लोगों के साथ दुर्व्यवहार हुआ।

थर्ड फ्रन्ट, ओवैसी-चंद्रशेखर ने मिलाया हाथ,आज होगा ऐलान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की राजनीति में बड़ा खेल होने जा रहा है। तीसरे मोर्चे की तैयारी है। असदुद्दीन ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद ने मिलकर विधानसभा चुनाव के लिए नया गठबंधन तैयार कर लिया है। इस गठबंधन की औपचारिक घोषणा कल लखनऊ में की जाएगी। दोनों नेता संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गठबंधन का ऐलान करेंगे। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस कल दपहर 12 बजे लखनऊ के दयाल पैराडाइस होटल में होगी। गठबंधन के नाम की भी घोषणा की जाएगी। इस नए मोर्चे के करीब 150 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी है।ओवैसी और चंद्रशेखर के साथ आने से यूपी विधानसभा चुनाव में तीसरे मोर्चे की चर्चा शुरू हो गई है। दोनों नेता कल गठबंधन की रूपरेखा और नाम का ऐलान करेंगे। इसके बाद चुनाव में मोर्चे की रणनीति और सीटों को लेकर तस्वीर साफहोने की उम्मीद है। मुख्य मुकाबला बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए और समाजवादी पार्टी के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन के बीच माना जा रहा है।

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से मिले मंत्री डॉ संजय निषाद

लखनऊ। निषाद पार्टी



के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से दिल्ली स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की।इस दौरान उत्तर प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों एवं आगामी चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। निषाद ने उत्तर प्रदेश में निषाद पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी के गठबंधन को कमजोर करने वाले नेताओं तथा गठबंधन के भीतरघात करने वालों के विषय में भी अपनी बात रखी।इस पर नितिन नवीन ने भीतरघात करने वाले नेताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने के संकेत दिए।

राजनाथ सिंह कल करेंगे संस्कृति भवन का उद्घाटन

लखनऊ। रक्षामंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह 13 नवंबर को लखनऊ आएंगे। इस दौरान वह सुल्तानपुर रोड स्थित गुलजार उपवन में नवनिर्मित संस्कृति भवन का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षामंत्री 13 नवंबर को सुबह 11 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से सड़क मार्ग से सुबह 11.25 बजे गुलजार उपवन पहुंचेंगे। सुबह 11.30 बजे संस्कृति भवन के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे और भवन का लोकार्पण करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, रक्षामंत्री दोपहर 1 बजे तक गुलजार उपवन में रहेंगे। इसके बाद दोपहर 1.05 बजे लखनऊ एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। वहां से आगे के कार्यक्रम के लिए प्रस्थान करेंगे।

23 से 30 नवम्बर तक आयोजित होगा विशेष रोजगार सप्ताहः केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ,। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विकसित भारत-जी राम जी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 23 नवम्बर से 30 नवम्बर, 2026 तक प्रदेश में विशेष रोजगार सप्ताह आयोजित करने के निर्देश ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने निर्देशित किया है कि इस विशेष रोजगार सप्ताह के दौरान जनपदवार मानव दिवस सृजन के निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित की जाए तथा अधिकतम पात्र श्रमिकों को उनकी मांग के अनुरूप वास्तविक रोजगार उपलब्ध कराया जाए'। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि गत 12 अक्टूबर, 2026 को



विशेष रोजगार सृजन दिवस आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए थे, जिसमें जनपदों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मानव दिवस सृजन के साथ-साथ योजना के अंतर्गत निर्धारित चार थीम के अनुरूप बड़े पैमाने पर जनोपयोगी कार्य भी कराए गए। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए विशेष रोजगार सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण श्रमिकों को पर्याप्त रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ गांवों में टिकाऊ परिसम्पत्तियों का निर्माण भी सुनिश्चित हो सके। उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में आयुक्त, ग्राम्य विकास श्री प्रमोद कुमार उपाध्याय द्वारा सभी जिला कार्यक्रम समन्वयकों एवं संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने निर्देशित किया है कि विशेष रोजगार सप्ताह की तैयारियां समय से पूरी करते हुए 21 नवम्बर, 2026 से कार्य प्रारम्भ करा दिए जाएं तथा 23 से 30 नवम्बर तक विशेष रोजगार सप्ताह का प्रभावी एवं सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाए।

नोटबंदी के समय पैदा हुए खजांची का मनाया 10वां जन्मदिन

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में बुधवार को नोटबंदी के समय बैंक लाइन में लगने के दौरान पैदा हुए खजांची का 10वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने खजांची को उपहार देकर जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर खजांची के परिवार के सदस्य उसकी मां तथा भाई भी मौजूद रहे। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी हर वर्ष खजांची का जन्मदिन मनाती है। खजांची नोटबंदी के दौरान पैदा हुआ था। इसका जन्मदिन भाजपा को मनाना चाहिए। भाजपा को गोद लेना चाहिए, लेकिन इस तरह से गोद नहीं जैसाकि भाजपा के नेताओं ने गांव को गोद लिया था और फिर अनाथ छोड़ दिया।

घुसपैठियों के सामने नाक रगड़ने वाले देवभूमि के लोगों को बता रहे घुसपैठिया- योगी

लखनऊ, । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तराखंडवासियों को घुसपैठिया बताने वाले बयान पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जो लोग बांग्लादेशी और पाकिस्तानी घुसपैठियों से गले मिलते हैं, उनके सामने नाक रगड़ते हैं, वही देवभूमि के लोगों के प्रति जहर उगल रहे हैं। उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री पंडित गोविंद वल्लभ पंत भी उत्तराखंड से थे। मां गंगा, यमुना, सरयू, रामी और रामगंगा भी उत्तराखंड से ही आती हैं, ऐसे में उत्तराखंडवासियों को घुसपैठिया कहना छोटी सोच और विभाजनकारी मानसिकता का परिचायक है। मुख्यमंत्री बुधवार को लखनऊ के पंडित गोविंद वल्लभ पंत उपवन में आयोजित उत्तराखंड महोत्सव 2026 को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के लोगों पर उंगली उठाने वाले देश की रक्षा में



उनके योगदान को भूल जाते हैं। उत्तराखंड का नौजवान सीमाओं पर खड़ा होकर यह नहीं देखता कि वह उत्तराखंड की सीमा पर है, अरुणाचल में है या राजस्थान में। उसके लिए देश की सुरक्षा सर्वोपरि होती है। छोटी बुद्धि के लोग महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचकर उच्छृंखल व्यवहार करते हैं। ऐसे लोगों को जनता बार बार ठुकराती है। इनकी संवेदना लोक परंपरा, लोक संस्कृति और लोक आस्था से नहीं, बल्कि दुर्दांत माफियाओं से जुड़ी होती है। माफिया के मरने पर ये आंसू बहाते हैं।मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी वीर चंद्र सिंह गढ़वाली का उल्लेख करते हुए कहा कि ब्रिटिश शासन में निर्दोष भारतीयों पर गोली चलाने का आदेश मिलने पर उन्होंने साफ इनकार कर दिया था। उत्तराखंड के लगभग हर परिवार में सेना के प्रति समर्पण का भाव दिखाई देता है।कार्यक्रम में विधायक ओपी श्रीवास्तव, पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, कार्यक्रम संयोजक दीवान सिंह अधिकारी, उत्तराखंड महापरिषद के अध्यक्ष हरीश चंद्र पंत, महासचिव भरत सिंह बिष्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगल सिंह रावत, सचिव राजेश बिष्ट, सलाहकार चंद्रमोहन नौटियाल, भाजपा नेता चेतन बिष्ट और पार्षद उमेश सनवाल सहित बड़ी संख्या में उत्तराखंडवासी उपस्थित रहे।

भारत का लोकतंत्र मजबूत है-पंकज चौधरी

पूर्व सांसद अरविंद चौधरी और सपा नेता अनिल यादव भाजपा में शामिल

लखनऊ, । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ,ज्वाइनिंग कमेटी के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह की मौजूदगी में समाजवादी पार्टी के नेता एवं बस्ती से पूर्व सांसद अरविंद चौधरी तथा बांदा के सपा नेता अनिल यादव ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विचारधारा आधारित संगठन है, जिसमें कार्यकर्ता सर्वोपरि होता है। पार्टी में प्रत्येक कार्यकर्ता के परिश्रम, समर्पण और योगदान को सम्मान मिलता है। उन्होंने दोनों नेताओं एवं उनके समर्थकों का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को केवल नारे तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे धरातल पर चरितार्थ किया है। गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना के विस्तार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने सहित प्रत्येक क्षेत्र में बिना भेदभाव के कार्य हुआ है। भाजपा 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।प्रदेश अध्यक्ष ने देश में अराजकता फैलाने के प्रयासों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ शक्तियां देश के लोकतांत्रिक वातावरण को प्रभावित कर भारत को अस्थिर करने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या भारत को बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका जैसी परिस्थितियों की ओर धकेलने की कोशिश की जा रही है? क्या देश में तख्तापलट जैसी परिस्थितियां उत्पन्न करने की मंशा है? ऐसे प्रयासों के प्रति देशवासियों को सजग रहने की आवश्यकता है।श्री चौधरी ने कहा कि भारत का लोकतंत्र मजबूत है। देश के नौजवानों और जागरूक जनता ने अराजकता फैलाने तथा माहौल खराब करने के प्रयासों का मुँहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव केवल किसी व्यक्ति की जीत या सरकार बनाने का चुनाव नहीं है बल्कि देश की स्थिरता, विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का भी विषय है। देश को अस्थिर करने वाली शक्तियों के मंसूबों को विफल करना हम सभी का दायित्व है।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा राष्ट्रहित और जनसेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य लेकर संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है।

मिशन पञ्चाह 2027, भाजपा काट सकती 40 से 50 विधायकों के टिकट

विकास और सरकारी योजनाओं को बनाएगी चुनावी मुद्दा

लखनऊ। यूपी में 2027 होने वाले विधानसभा चुनाव में बीजेपी हैट्रिक लगाने के लिए कोई भी रिस्क लेने के मूड में नहीं है। उसका लक्ष्य सिर्फऔर सिर्फजीत और वो भी तीन सौ पार के आंकड़े के साथ हुकूमत है। फरवरी और मार्च के दौरान संभावित चुनावों को देखते हुए भाजपा, कांग्रेस समेत सभी प्रमुख दल अपनी तैयारियों में जुट गए हैं। भाजपा की चुनाव में अपने शासनकाल की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को प्रमुखता देने की है। भारतीय जनता पार्टी जनता के बीच विकास और सकारात्मक एजेंडे के साथ पहुंचकर और सरकार के कामकाज के आधार पर एक और कार्यकाल के लिए समर्थन मांगने उतरने वाली है। चुनावी माहौल में विपक्ष की ओर से उठाए जा रहे सवाल भाजपा की रणनीति के लिए चुनौती बन रहे हैं। भाजपा का आरोप है कि विपक्ष राज्य सरकारों के कामकाज और स्थानीय समस्याओं पर चर्चा करने के बजाय राष्ट्रीय मुद्दों के जरिए केंद्र सरकार को निशाना बना रहा है। लंबे समय तक सत्ता में रहने वाली सरकारों के सामने आमतौर पर सत्ता विरोधी माहौल का सामना करने की चुनौती रहती है। विपक्ष विकास, रोजगार, महंगाई, कानून-व्यवस्था और जन सुविधाओं जैसे मुद्दों को उठाकर सरकार को घेरने की कोशिश करता है।भाजपा नेताओं का मानना है कि इस बार विपक्ष का जोर स्थानीय मुद्दों के बजाय राष्ट्रीय राजनीति पर अधिक है। भाजपा अपनी योजनाओं और उपलब्धियों को जनता के सामने रखकर चुनावी समर्थन हासिल करने की कोशिश करेगी।उत्तर प्रदेश में भाजपा ने मिशन 2027 की तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी संभावित उम्मीदवारों के चयन के लिए बड़े स्तर पर फीडबैक जुटा रही है। मौजूदा विधायकों के साथ 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी के टिकट पर मैदान में उतरे प्रत्याशियों के प्रदर्शन का आकलन किया जा रहा है।पार्टी कार्यकर्ताओं, मंडल और बूथ अध्यक्षों के अलावा शक्ति केंद्र स्तर से भी जानकारी जुटाई गई है।

दीपोत्सव में 220 टन रेत से रचा गया 'राम दरबार', बना विश्व रिकार्ड

अयोध्या। योगी आदित्यनाथ देती है। योगी सरकार के पर्यटन



सरकार द्वारा आयोजित दीपोत्सव 2026 में अंतरराष्ट्रीय सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। अयोध्या में सरयू नदी के तट पर स्थित राम कथा पार्क में उन्होंने अपने सहयोगियों के साथ 220 टन सरयू की रेत से 58 फीट लंबा और 20 फीट ऊंचा भव्य राम दरबार एवं राम मंदिर की विशाल कलाकृति तैयार की। यह कलाकृति विश्व शांति, मानवता और भाईचारे का संदेश विभाग के आमंत्रण पर तैयार इस कृति को 'बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' में दर्ज कर लिया गया है।30 अक्टूबर से शुरू हुआ निर्माण कार्य सात दिनों की निरंतर मेहनत के बाद 7 नवंबर को पूरा हुआ। मधुरेंद्र कुमार ने बताया कि यह उनकी इस तरह की पहली और विश्व की सबसे लंबी रेत निर्मित राम दरबार कलाकृति है। दीपोत्सव के भव्य उद्घाटन समारोह के दौरान उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस कलाकृति का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में सृजित ऐसी ऐतिहासिक कला को शहर कभी नहीं भूलेगा और कलाकार को विश्व रिकॉर्ड पर बधाई दी। उपराष्ट्रपति ने 'वेल डन' कहकर सराहना की।मधुरेंद्र कुमार ने 30 अक्टूबर को बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड को सूचना भेजी थी। 7 नवंबर को बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने ईमेल के माध्यम से स्वीकृति दी। रिकॉर्ड संख्या के तहत इसे दर्ज किया गया और डिजिटल प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। गिनीज की प्रक्रिया अभी जारी है। यह कलाकृति योगी सरकार के दीपोत्सव के अंतर्गत उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के सहयोग से बनी, जो अयोध्या को वैश्विक पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र बनाने की दिशा में सरकार के प्रयासों का हिस्सा है।

भाईदूज पर बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर की लम्बी उम्र की कामना

लखनऊ । राजधानी में बुधवार को भाई लगाया, आरती उतारी और मिठाई खिलाई।



दूज मनाया गया। बहनों ने भाइयों को तिलक लगाया और उनकी लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने बहनों को उपहार और दक्षिणा दी। सुबह से शहर के मुख्य बाजारों और मुख्य रास्तों पर त्योहार की रौनक रही। अलमबाग, निशातगंज और रकाबगंज के बाजारों में मिठाई, लाई, चूरा, मिठाई की कुल्हिया और पूजा का सामान खरीदा गया। बहनों ने स्नान के बाद पूजा की और भाइयों की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद वे पति और बच्चों के साथ मायके पहुंचीं। उन्होंने भाइयों के माथे पर तिलक-रोचना भाइयों ने बहनों को उपहार और दक्षिणा देकर उनका मान रखा। उन्होंने बहनों के साथ जीवनभर सहयोग करने और सुख-दुख में साथ देने का वचन दिया। इस मौके पर जिला कारागार में बंद भाइयों को तिलक लगाने के लिए सुबह से ही बहनों की भीड़ पहुंचने लगी। जेल के बाहर लंबी कतारें लगी रहीं। जेल प्रशासन ने मुलाकात के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। प्रशासन की ओर से ही मुलाकात के लिए जरूरी सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। कड़ी निगरानी के बीच बहनों को भाइयों से मिलवाया जा रहा है। भाई दूज पर घर पहुंचने के लिए सुबह से ही आलमबाग बस स्टैंड और चारबाग रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ रही। लोग अपने भाई-बहनों और परिजनों के साथ त्योहार मनाने के लिए यात्रा करते नजर आए। बसों और ट्रेनों में भी यात्रियों की आवाजाही बढ़ी रही। त्योहार को लेकर शहर के बाजारों में भी चहल-पहल देखने को मिली। मिठाई की दुकानों, गिफ्ट गैलरी और कपड़ों की दुकानों पर सुबह से ही खरीदारों की भीड़ लगी रही। बहनों ने भाइयों के लिए मिठाई और उपहार खरीदे। बाजारों में पूरे दिन त्योहार जैसा माहौल बना रहा।आसपास के तमाम गांवों और कस्बों में पर्व की रौनक देखने को मिली। सुबह से ही घरों में त्योहार की तैयारियां शुरू हो गई थीं। बहनों ने पूजा-अर्चना कर भाइयों के माथे पर तिलक लगाया और उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि तथा खुशहाल जीवन की कामना की। भैया दूज के अवसर पर बहनों ने भाइयों को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया और उपहार भेंट किए। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा और सम्मान का संकल्प दोहराया।

50 हजार के इनामी गौ-तस्कर गैंग का सरगना गिरफ्तार

लखनऊ।यूपी एसटीएफ ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी और पशु व गौवंश तस्करी के संगठित गिरोह के सरगना रेहान को कानपुर नगर से गिरफ्तार कर लिया है। रेहान लंबे समय से फरार चल रहा था और कानपुर के ट्रांसपोर्ट नगर में छिपकर रह रहा था। यूपी एसटीएफ को कई दिनों से फरार इनामी आरोपी के बारे में सूचनाएं मिल रही थीं। इसी पर एसटीएफ की विभिन्न इकाइयों को अभिसूचना संकलन और कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। पुलिस उपाधीक्षक एसटीएफ फील्ड इकाई प्रयागराज शैलेश प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में निरीक्षक जय प्रकाश राय के नेतृत्व में टीम ने कानपुर नगर में अभिसूचना संकलन शुरू किया। इसी दौरान जानकारी मिली कि कौशाम्बी के थाना कोखराज में गैंगस्टर एक्ट में वांछित 50 हजार का इनामी रेहान थाना जूही, कमिश्नरेट कानपुर नगर क्षेत्र में छिपा है।

दीपावली एवं भैय्यादूज
की जनपदवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं



PK Bilding Matrial
Shatugang, Akbarpur
Ambedkar Nagar
Mobile : 8795391562
Parmod Kumar Verma